तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 5 जुलाई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 10 साल के इंतजार के बाद अमगांव के प्रभावितों को मिलेगी मुआवजे की राशि






# एसईसीएल में गैर कर्मियों का 9 हजार तो सेवानिवृत्त कर्मियों का 4162 आवासों पर कब्जा

## कोल इंडिया के 58 हजार 736 आवासों पर है गैर कर्मियों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

एसईसीएल के आवासों में गैर कर्मियों (बाहरी लोगों) द्वारा कब्जा किए गए विभागीय आवासों की तादाद अच्छी खासी है। एसईसीएल के 9 हजार 56 आवासों में बाहरी लोगों ने कब्जा जमाया हुआ है। वहीं 4 हजार 162 आवासों पर कंपनी के सेवानिवृत्त कर्मियों का कब्जा है। यही वजह है कि कई कोल कर्मियों को विभागीय आवास का आबंटन नहीं हो सका है। ऐसे में उन कोल कर्मियों को रेंट पर आवास लेकर गुजारा करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया व उसकी अनुषंगी कोल कंपनियों के 58 हजार 736 आवासों पर गैरकर्मियों यानी बाहरी लोगों का कब्जा है, जबकि 14 हजार 575 आवासों पर सेवानिवृत्त कोल कर्मचारियों ने कब्जा कर लिया है। इसका खुलासा हाल ही में जारी कंपनी की एक रिपोर्ट में हुआ है। कोल इंडिया से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक सबसे अधिक अवैध कब्जा कोल इंडिया की सहायक कंपनी सीसीएल के आवासों पर है। इसमें 19 हजार 591 आवासों पर गैर कर्मी व 2 हजार 618 आवासों पर सेवानिवृत्त कर्मी रह रहे हैं। वहीं बीसीसीएल के 8 हजार 403 आवासों पर सिर्फ बाहरी लोगों का कब्जा है। रिपोर्ट में बीसीसीएल के आवासों पर कितने सेवानिवृत्त कोल कर्मियों का कब्जा है, इसका जिक्र नहीं है, जबकि जानकार बताते हैं कि बीसीसीएल में सेवानिवृत्त कर्मियों द्वारा कब्जा किए आवासों की तादाद अच्छी खासी है। ⏭ शेष पेज 2 पर

**खास बात**

- 14 हजार 575 आवासों पर सेवानिवृत्त कर्मियों का कब्जा



### कोल इंडिया मुख्यालय के एक भी आवास पर कब्जा नहीं

कोल इंडिया मुख्यालय कोलकाता की बात करें तो कंपनी के एक भी आवास पर किसी का कोई कब्जा नहीं है। कोल इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक कोल कंपनियों ने आधिकारिक रूप से अन्य को कुल 8 हजार 349 आवास आवंटित किये हैं। लंबे समय से सेवानिवृत्त कोल कर्मियों को कोल कंपनियों से सरप्लस आवास लीज या किराए पर देने की मांग होती रही है। इसे लेकर कोल इंडिया प्रबंधन ने एक समिति बनायी है, इसकी बैठक पिछले महीने हुई थी। इसमें प्रबंधन द्वारा पेश किये गये आंकड़ों पर यूनियनों द्वारा आपत्ति जताने के बाद प्रबंधन ने अगली बैठक में तथ्यात्मक आंकड़े प्रस्तुत करने की बात कही है। सूचना के मुताबिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आवास आवंटित को गठित कमेटी की दूसरी बैठक इसी माह होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### अंडर 23 खिलाड़ियों का चयन दर्री एचटीपीपी में कल से


**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में अंडर 23 के खिलाड़ियों का चयन किया जान है। जिस परिपेक्ष्य में कोरबा डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर 23 पुरुष वर्ग खिलाड़ियों का चयन लाल मैदान एचटीपीपी दर्री में 6 जुलाई को सुबह 8 बजे से आयोजित किया जाएगा। जहां सभी खिलाड़ियों को अपना नवीन पंजीयन कराना अनिवार्य है।जिसके लिए पत्र खिलाड़ियों की जन्म 1/9/2001 से 31/8/2005 के मध्य होना आवश्यक अनिवार्य है। वही सभी खिलाड़ियों को अपने अंतिम 5 वर्षो की मूल विद्यालय ,कॉलेज प्रमाण पत्र,जन्म,आधार ,निवास प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है। चयन हेतु सभी खिलाड़ी अजय राय (मीडिया प्रभारी) से संपर्क करे व सभी खिलाड़ियों का चयन मुख्य चयनकर्ता भूपेंदर भूषण दास,नरेंद्र कुमार मौजूद रहेंगे, वही आयोजन के मार्ग दर्शन हेतु केडीसीए अध्यक्ष बीबी साहू,सचिव अखिलेश मणि, कार्यकारी सचिव जीत सिंह की अगुआई में संपन्न होगा।

## बारिश के दौरान सड़क पर हादसे का बना हुआ है खतरा

# झमाझम बारिश ने बिगाड़ी शहर की सूरत, उखड़ने लगी सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पहली बारिश में ही नगर निगम क्षेत्र की कई सड़कें उखड़ने लग गई हैं और जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। जबकि इसका निर्माण तीन साल की गारंटी पर किया गया है। दूसरी ओर निगम द्वारा ऐसे निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई भी नहीं की गई है। लगातार बारिश की वजह से शहर की सड़कों की बजरी जगह-जगह से उखड़ गई है। बाइक में चलते समय ब्रेक लगाने पर फिसलने का डर बना रहता है। चार दिनों की बारिश में सड़क पर कई स्थानों पर गड्ढे हो गए हैं। बारिश में जहां पानी का ठहराव होता है वहां सड़क उखड़ जाती है।



टीपी नगर से सीएसईबी मार्ग में उखड़ी हुई सड़क।

निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में कई सड़कों का निर्माण कराया गया है। इन सड़क की गुणवत्ता परख कर ही निर्माण एजेंसी का बिल पास किया गया था। ठेका शर्तों के अनुसार तीन वर्ष तक सड़क के रखरखाव की जिम्मेदारी निर्माण एजेंसी की है , लेकिन निगम क्षेत्र की कई सड़कें एक वर्ष भी टिक नहीं पा रही हैं। सड़क पहली ही बारिश में उखड़नें लगी है। निगम द्वारा निर्माण एजेंसियों से किस ढंग से काम कराया गया है और उसमें कितनी गुणवत्ता है। इसका अंदाजा सड़क को देखकर ही लगाया जा सकता है। क्षेत्र में हुई पहली बारिश में ही सड़क से डामर की परत धूल गई और जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इससे इस सड़क पर ⏭ शेष पेज 2 पर

### सड़क में हो गए जगह-जगह गड्ढे

नगर निगम द्वारा क्षेत्र की कई सड़कों का निर्माण कराया गया है। इनमें घंटाघर मार्ग, बुधवारी-आईटीआई मार्ग, सुनालिया नहर मार्ग स्टेशन तक, महाराणा प्रताप नगर मार्ग शामिल हैं। यहां तीन साल में दो बार डामरीकरण कराया जा चुका है। बावजूद सड़क की हालत बारिश शुरू होते ही जर्जर हो गई है, सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। निगम द्वारा साकेत भवन के सामने से तहसील कार्यालय तक, प्रेस क्लब के सामने रिकांडो रोड, वीआईपी रोड का डामरीकरण का कार्य कराया गया है, लेकिन बारिश शुरू होते ही इन सड़कों का हाल भी किसी से छिपा नहीं है। सड़क में जगह-जगह गड्ढा हो गया है और गिट्टी उखड़ गई है। इससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है।

# जनपद के तकनीकी सहायक के घर हुई लाखों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया है। मकान मालिक की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर चोरों की पतासाजी शुरु कर दी है।

**खास बात**

- दर्री थाना क्षेत्र के पावर सिटी में हुई चोरी की वारदात

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत पावरसिटी अयोध्यापुरी दर्री निवासी अमितोष राठौर जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा में तकनीकी सहायक के पद पर पदस्थ है। 2 जुलाई की रात लगभग 7.10 बजे अमितोष परिवार सहित अपने मूल निवास गया था। 3 जुलाई की सुबह लगभग 10.30 बजे अमितोष के पड़ोसी हितेश गभेल ने फोन के माध्यम से सूचना दिया गया कि उसके मकान का मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। तब अमितोष घर आया और देखा कि घर अंदर कमरा में लगे ताला टूटा हुआ था, सामान बिखरा हुआ था कमरे के अंदर रखे लकड़ी के दिवान में रखे सोने का झुमका 4 नग, सोने के रानी हार 1 सेट, सोने की चूड़ी 4 नग , सोने की हार 1, मंगल सूत्र 1, अंगूठी 2 लेडिस , 2 जेंटस, सोने का सुई धागा (लटकन), छोटा लाकेट 2 नग एवं दूसरे कमरे के आलमारी के अंदर रखे सोने का 2 चैन, 1 मंगल सूत्र, 1 सोने का कड़ा पुरानी इस्तेमाली कीमती लगभग 2 लाख 70 हजार रूपये नगदी रकम लगभग 53 हजार रूपये कुल 3 लाख 23 हजार रुपए को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। अमितोष की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।



## खबर संक्षेप



### सब स्टेशन कर्मियों की हड़ताल फिर बढ़ी 7 दिन

**कोरबा।** ट्रांसमिशन कंपनी के अधीन काम करने वाले 132 केवी सब स्टेशन के ठेका श्रमिक पिछले 7 दिनों से हड़ताल में डटे हुए थे लेकिन उनकी मांगों पर अब तक कोई पहल नहीं हो पायी है जिसके चलते ठेका कर्मियों ने फिर से हड़ताल को 7 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। छत्तीसगढ़ ठेका श्रमिक संघ के द्वारा अपनी मांगों को लेकर 7 दिवसीय हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया हैं। श्रमिक संघ का कहना हैं सीएसपीटीसीएल कोरबा डिविजन और मेमर्स जेबीएस कंपनी उनकी मांगो को नजरअंदाज कर रहा है। 7 माह से पीएफ 4 माह से ईएसआईसी का भुगतान रोक रखा है जिससे कर्मचारियों को पीएफ क्लेम नहीं हो पा रहा है तो ईएसआईसी से मेडिकल सुविधाये मिलनी बंद हो गई है। बोनस भुगतान सब स्टेशन स्टेशनरी का सामान और श्रम विभाग कुशल दर पर भुगतान से संबंधित शिकायत पूर्व में 4 मई को उच्च अधिकारियों को समस्यओं से अवगत कराया गया था लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है। जिस कारण 132 केवी कोरबा, दर्री,चाम्पा व छुरीखुर्द के चार सबस्टेशन के सभी कर्मचारी 7 दिवसीय हड़ताल पर 28 जून से गए थे लेकिन उनकी मांगें पूरी नहीं होने पर वे फिर से 7 दिनों के हड़ताल पर चले गए हैं। वहीं बारिश में बार बार लाइन ट्रिप होने से समस्याएं बढ़ती जा रही है।

### नए भवन की छत से हो रहा रिसाव, फिर से पुराने भवन में लग रही कक्षाएं




**कोरबा।** कोरबा विकासखंड के जूनाडीह बरपाली में बारिश के मौसम में पुराना प्राथमिक शाला भवन अब विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए सहारा बना हुआ है। कारण यह है कि लाखों की लागत से बना यहां का नया भवन बारिश के पानी के रिसाव की समस्या से जूझ रहा है। जिल्गा बरपाली में वर्षों पहले से संचालित प्राथमिक शाला भवन में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने और भवन से जुड़ी कुछ समस्याओं को देखते हुए इसका उपयोग बंद कर दिया गया था। फिर भी इसका अस्तित्व अभी बना हुआ है। बारिश के सीजन में यह भवन खुद को साबित कर रहा है जिसमें कक्षाएं संचालित की जा रही है। बताया जाता है कि इस भवन की दीवारों में सामान्य दरार है लेकिन और कोई समस्या नहीं है। इसलिए कक्षाओं के संचालन में यह उपयुक्त माना गया है। बरपाली में नया स्कूल भवन तैयार किया गया है जिसकी छत से बारिश का पानी रिस रहा है और ऐसे में कक्षाएं लगाने में परेशानी हो रही है। लगातार हुई बारिश के कारण यहां पर परेशानियां खड़ी हो गई। ऐसे में तय किया गया कि विद्यालय का संचालन करना है तो विकल्प अपनाया जाए। स्थानीय संस्था प्रमुख की ओर से वैकल्पिक प्रयास के बारे में अधिकारियों को बता दिया गया है।

### बच्चों को स्कूल किट का किया गया वितरण

**भैसमा।** चाकामार में स्थित शासकीय स्कूल में छत्तीसगढ़ हेल्पिंग टीम फाउंडेशन के द्वारा कक्षा पहले से पांचवी तक के बच्चों को स्कूल किट का वितरण किया गया। समिति के सदस्यों ने स्कूली बच्चों को पानी बोतल, पेंसिल, रबर, कटर, कॉफी सहित स्टेशनरी के समान बच्चों में वितरित किया गया। स्कूली बच्चे यह सामान पाकर काफी खुश नजर है और समिति के सदस्यों को धन्यवाद दिया।

## शहर के मुख्य मार्गों पर सड़क किनारे सजता है बाजार

# यह फुटपाथ हमारा है की तर्ज पर अवैध कब्जा खामियाजा भुगत रहे हैं आम नागरिक





बुधवारी सड़क के किनारे इस तरह अवैध रूप से लगता है दुकान, जिससे यातायात होती है प्रभावित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के अधिकतर व्यस्ततम मार्गों में निर्मित फुटपाथ पर व्यवसायियों ने अपना कब्जा जमा लिया है। व्यवसायियों द्वारा दुकान के बाहर फुटपाथ तक सामान फैलाकर रखा जाता है। पार्किंग के अभाव में खरीदारों को सड़क पर ही अपनी गाड़ी खड़ा करना पड़ता है। जिसकी वजह से रोजना मुख्य मार्गों पर यातायात बाधित होता है और मार्ग पर वाहनों का दबाव बना रहता है।

उल्लेखनीय है कि सड़क से बेजाकब्जा हटाने की जिम्मेदारी नगर निगम की है। तोड़ूदस्ता और बेजाकब्जा हटाने के लिए पहले से ही अधिकारी व टीम नियुक्त हैं। फुटपाथ पर हो रहे कब्जे को लेकर सख्त कार्रवाई नहीं किए जाने से न केवल शहर की यातायात व्यवस्था बिगड़ रही बल्कि सुंदरीकरण पर भी ग्रहण लग रहा। बात करें सुभाष चौक से घंटाघर, घंटाघर से महाराणा प्रताप चौक, आईटीआई से बुधवारी स्थित जैन चौक तक मार्ग के किनारे व्यवसायियों ने अपना कब्जा जमा रखा है। घंटाघर के पास तो बेजाकब्जे से दुकान ही बना ली गई है। इसी तरह बुधवारी बाजार स्थित महाराणा प्रताप चौक के समीप सड़क किनारे फुटपाथ पर दर्जनों व्यवसायियों ने अपना कब्जा जमा रखा है। व्यवसायियों द्वारा सड़क किनारे फुटपाथ पर शटर लगाकर दुकान का संचालन किया जा रहा है। बावजूद इसके नगर निगम द्वारा इनके खिलाफ कोई कार्यवाही देखने को नहीं मिल रही है। फुटपाथ पर बाजार लगने की वजह से मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ता ही जा रहा है। व्यवस्था बनाने निगम ने करोड़ों रूपये का निर्माण कार्य करा लिया है पर इसे अमली जामा पहनाने में असफल है। समय रहते कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण एक व्यवसायी के देखा देखी दूसरे भी सड़क पर कब्जा करने लगे हैं। इसकी सबसे बड़ी समस्या आम लोगों को जूझना पड़ रहा है। घंटाघर के निकट पेट्रोल पंप से आगे व्यस्त मार्ग के अधिकांश भाग में व्यवसाइयों ने कूलर, आलमारी, फर्नीचर, रजाई, गद्दे जैसे सामानों को बिखेर कर रखा है। निगम ने आम लोगों के लिए फुटपाथ का निर्माण किया है, लेकिन व्यवसाइयों ने इसमें अपना समाना रखने की जगह बना ली। ऐसे में पैदल चलने वालों का सड़क पर चलना पड़ रहा। रही सही कसर को वाहन चालकों ने पार्किंग कर पूरी कर दी है।

**खास बात**

- व्यस्ततम मार्गों पर लगातार बढ़ रहा यातायात का दबाव

**ओपन थियेटर में आयोजन, सड़क में जाम**

ओपन थियेट में आए दिन खेल, सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक आयोजन होते रहते हैं। इस दौरान यहां चौपाटी सड़क पर आ जाती है। मार्ग में पहले से ही फल दुकान लगाने वालों ने कब्जा कर रखा है। ऐसे में गुपचुप चाट ठेला चलाने वालों की कतार स्मृति उद्यान के सामने लग जाती है। शाम के समय बाजार में खरीदी के लिए आने वाले लोगो की वजह से सड़क में जाम लग जाती है। दुकान से सामान खरीदकर बाहर निकलते हैं तब गाड़ी को यातायात की टीम क्रेन से उठाकर जब्त कर लेती है। इस कार्रवाई से ग्राहक बच जाए तो गाड़ी का पहिया लाक किए जाने से नहीं बच सकता। एक तरफ गाड़ी खड़ा करने की समस्या तो दूसरी तरफ चालानी कार्रवाई का चाबुक, यानि शहर में घर से बाहर निकलने वाले लोगों के लिए एक तरफ कुंआ दूसरी तरफ खाई जैसी स्थिति बनी हुई है।

**नहीं होती कार्यवाही**

शहर में व्यवस्थित यातायात के लिए की गई सभी व्यवस्था धरी की धरी रह गई है। शहर के व्यस्ततम मार्ग में बकायदा सीमा रेखा खींच कर फुटपाथ के लिए रास्ता तय किया गया है। राहगीर फुटपाथ के बजाय सड़कों पर चलते देखे जा सकते हैं। गुपचुप चाट, फल आदि सामान को ठेले में लेकर बिक्री करने वाले व्यवसाइयों के लिए चौपाटी का निर्माण स्मृति उद्यान के पीछे किया गया। लेकिन सभी व्यापारी स्मृति उद्यान के सामने गाड़ियों के लिए बनाई गई पार्किंग पर अवैध कब्जा कर अपना व्यापार चला रहे हैं,कुछ दिन पूर्व नगर निगम ने चौपाटी गढ़ कलेवा को व्यवस्थित करने की कवायद की परंतु राजनीतिक दबाव में वह भी असफल रहा, बताना होगा कि फुटपाथ निर्माण के बाद यातायात विभाग कार्रवाई करती है और उस वक्त व्यवसायी वहां से हट जाते हैं। दो-तीन दिन बाद फिर से कब्जा जमा लेते हैं। स्थाई व्यवस्था दुरूस्त करने में निगम व प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है।

### चोरों ने स्वामी आत्मानंद स्कूल को बनाया निशाना



**ढेलवाडीह।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढेलवाडीह को चोरों ने अपना निशाना बनाया। बीती रात को चोरों ने पीछे लगे खिड़क के ग्रील को काटकर अंदर घुसे और छत में ले 9 सीलिंग फैन की चोरी कर ली। इसकी जानकारी शिक्षकों को स्कूल पहुंचने पर हुई। जब पीछे के खिड़की ग्रील कटे होने के साथ अंदर कमरों के सीलिंग फैन गायब नजर आए। इसकी जानकारी स्कूल के प्रचार्य को शिक्षकों द्वारा दी गई। जिस पर प्राचार्य ने कटघोरा थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### खेल वृत्ति एवं प्रेरणा निधि हेतु बढ़ाई गई आवेदन की तिथि

**कोरबा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद विनोद चौबे सम्मान, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी पुरस्कार, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों तथा अन्य को नगद राशि पुरस्कार, खेल वृत्ति एवं खेल संघों को प्रेरणा निधि प्रदान करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित करने की अंतिम तिथि में परिवर्तन किया गया है।

वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में जिन खिलाड़ियों ने सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किये हों वे खिलाड़ी निर्धारित आवेदन प्रपत्र पूर्ण कर 8 जुलाई तक जिला कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण कोरबा में अथवा 10 जुलाई तक संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण रायपुर में जमा कर सकते हैं। नगद राशि, खेल वृत्ति एवं प्रेरणा निधि आदि से संबंधित पुरस्कार नियम छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाषित किए गए हैं, जिसका आवेदन प्रारुप संचालनालय के विभागीय वेबसाईट डबल्यूडबल्यूडबल्यू.स्पोर्टसवाईडब्ल्यू.सीजी.जीओवी.इन पर देखे जा सकते हैं। अन्य जानकारी हेतु आवेदक विभाग के जिला कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

## पैक्स कंप्यूटराइजेशन का जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कोरबा।** केंद्र शासन की महत्वाकांक्षी योजना पैक्स कम्प्यूटराइजेशन अंतर्गत संचालित मिशन गो लाइव के अंतर्गत राज्य की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को गो लाइव करने में महत्वपूर्ण भूमिका एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिले को प्रथम स्थान दिलाने पर उपपंजीयक श्रीमती पूर्णिमा सिंह, एसके जोशी नोडल अधिकारी एवं सहकारी समिति कटघोरा के समिति प्रबन्धक विनोद कुमार भट्ट को सहकारिता मंत्री केदार कश्यप द्वारा प्रशस्ति-पत्र एवं छग राज्य सहकारी बैंक मर्यादित रायपुर द्वारा मोमेन्टों प्रदान किया गया। जिले के सभी 41 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां को गो लाइव करने में समिति के प्रबंधक एवं ऑपरेटर की महत्वपूर्ण भूमिका रही विशेष करके ऑपरेटर जिन्होंने इसे सर्वोच्च वरीयता के साथ पूर्ण किया।

## बिजली बंद होने से पानी टंकी नहीं भर पाई, परेशान हुए लोग

**कोरबा।** जिले में बिजली आपूर्ति व्यवस्था कुछ डीनो से बाधित हैं। इसी कारण कोरबा अंचल के कोहड़िया क्षेत्र में बिजली बंद होने की वजह से टंकी नहीं भर पाई। जिससे शहर के साथ पश्चिम क्षेत्र में पानी आपूर्ति प्रभावित हुई। सुबह 11 से 3 बजे तक कई क्षेत्रों में पानी आपूर्ति तो हुई लेकिन लोगों ने बताया कि पानी काफी मटमैला होने से उपयोग के लायक नहीं था। निगम क्षेत्र के वार्डों में कोहड़िया वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी की आपूर्ति होती है। कुछ दिनों से बिजली आपूर्ति नियमित नहीं हो रही है। लोगों का कहना है कि हर आधे घंटे में बिजली बंद होने से पंप नहीं चल पा रहे हैं। जिस कारण टंकी नहीं भर पा रही है। पश्चिम क्षेत्र के 25 वार्डों में तो कुछ दिनों से लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### एसईसीएल में...


इसीएल के लगभग 15 हजार 498 आवासों पर बाहरी व 1504 आवासों पर सेवानिवृत्त कोल कर्मियों का कब्जा है। इसी तरह एमसीएल में बाहरी लोगों का 1384 व सेवानिवृत्त कर्मचारियों का 287, एनसीएल में बाहरी का 160 व सेवानिवृत्त कर्मियों का 130, एसइसीएल में गैर कर्मियों का 9 हजार 56 व सेवानिवृत्त कर्मियों का 4 हजार 162 मकानों पर कब्जा है। इसी तरह सीएमपीडीआई में गैर कर्मियों का 11 व एनइसी के 17 आवासों पर कंपनी के सेवानिवृत्त कर्मियों का कब्जा है।

### झमाझम बारिश ने...

चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़क में बारिश का पानी भर जाने से वाहन चालकों को हादसे का शिकार होना पड़ रहा है। जबकि अभी पूरा बारिश बाकी है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी नगर निगम के आला अधिकारियों को नहीं है क्योंकि न सिर्फ इन सड़कों के निर्माण और भुगतान की फाइल उनके टेबल से तो गुजरती है, बल्कि रोजाना अधिकारियों का आना-जाना इन्ही सड़कों से होता है। इसके बावजूद इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

## कोरबा मार्केट







### शपथ-पत्र

मैं ईश्वर सिंह सिहाग उम्र 51 वर्ष पिता धरमपाल सिहाग निवासी गरुड नगर दीपका तहसील-दीपका जिला-कोरबा (छ.ग.) का होकर नीचे लिखे आशय का शपथपूर्वक कथन करता हूँः-

1.यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवासरत हूँ तथा मेरा आधार कार्ड नं. 794620847593 है।

2.यह कि मेरा सही वास्तविक नाम ईश्वर सिंह सिहाग पिता धरमपाल सिहाग जो आधार कार्ड पेन कार्ड में दर्ज है।

03. यह कि, मेरा पासपोर्ट में ईश्वर सिंह दर्ज हो गया है जो त्रुटिपूर्ण है।

04. यह कि ईश्वर सिंह सिहाग पिता धरमपाल सिहाग एवं ईश्वर सिंह दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है अलग-अलग व्यक्ति का नाम नहीं है अर्थात मेरा स्वयं नाम है।

05. यह कि, पासपोर्ट में मेरा ईश्वर सिंह सिहाग पिता धरमपाल सिहाग दर्ज कराना चाहता हूँ। जिसके समर्थन में मेरे द्वारा इस शपथ पत्र का निष्पादन किया गया है जिसे संबंधित कार्यालय / संस्था में प्रस्तुत करना है।

**शपथकर्ता**
**ईश्वर सिंह सिहाग**




College Code-615
छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त
@k Group of Institution
AK GURUKUL COLLEGE
Affiliated Atal Bihari Vajpayee University
@k Computers & Education Hub
Run by- Ak Vikashsheel Shikshan Sansthan AN ISO 9001:2008 CERITFIED INSTITUTE
ये सभी विभाग में सर्विसेस हेतु पाठ्यक्रम की पढ़ाई करायी जाती है।
RAILWAY DEPARTMENT
DATA ENTRY
CALLING CENTER
MEDICAL SECTOR
COMPUTER OPERATOR
RECEPTION
CHOICE CENTRE
SELF ONLINE BUSSINESS
M/S OFFICE
BANK MANAGER
GST DEPARTMENT
TICKET COUNTER
BUSSINESS ACCOUNTING
INTERNET & EMAIL
TALLY WITH ERP & GST
03-04 Year = 6-8 Sem.
Multiple Entry & Exit
Multidisciplinary Course Curriculum
NEP 2020
Choice Based Credit System
Learning Outcome Based Curriculum Framework
Credit based Course curriculum
हमारे संस्थान में महाविद्यालय द्वारा संचालित निम्न कोर्सेस
Our Courses
Regular
BA Bachelor Of Arts
BCOM Bachelor Of Commerce
BSC-CS Bachelor of Science in Computer Science
M.com Master of Commerce
Private
MA All Subject Masters of Art
Hindi, English, Sanskrit, History, Economics, Sociology, Political Science, Public Administration
PGDCA Post Graduate Diploma in Computer Application
DCA Diploma in Computer Application
BSC Bio Maths Bachelor of Science
MSC-Maths Masters of Science in Mathematics
Our Facilities
100% SCHOLARSHIP AVAILABLE
BUS FACILITY
LIBRARY
प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क विशेष कक्षाएं..
1000Rs. DISCOUNT FOR EVERY GIRLS STUDENT
Free Wi-Fi
camera facility
Computer Lab
RANI LAKSHMI BAI HR. SEC. SCHOOL
RUN BY: RANI LAKSHMI BAI SHIKSHAN SAMITI, affiliated to CGBSC Board Raipur (C.G.) Code-332062
NURSERY TO CLASS 12th
कोरबा जिले का प्रथम गुरुकुल
Play Learn and Grow Together
ENGLISH & HINDI MEDIUM
सोचिये ! आपको कैसा स्कूल चाहिए?
ANSWER
METHOD
उत्कृष्ट एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन का कार्य किया जाता है हर महीने टेस्ट एवं उसकी रिपोर्ट तैयार कर माता-पिता को दी जाती है साथ ही डिजिटल साक्षरता प्रदान की जाती है, जिसमें कम्प्यूटर, इंटरनेट एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की एडवांस शिक्षा भी दी जाती है साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की सामान्य जानकारी भी प्रदान की जाती है
Class 11th & 12th Agriculture, Science Maths & Bio, Commerce, Arts
संचालक अक्षय कुमार दुबे
ATAL TECHNICAL LAB
E-PROJECTOR & SMART CLASSROOM
Qualified & Well Trained Teachers
Well Designed Play Area & Class Room
Quarterly Medical Checkup
Field Trips/ Educa tional Tours
आध्यात्मिक परिसर
वैदिक गणित शिक्षा
Yoga, Dance, Art, Painting
Personality Development Programme
Sports Activities
Cultural Programmes
-: MAIN BRANCH :- 8085553655, 9752455333
AK GURUKUL DHELWADIH, KATGHORA
Enroll Now
-: City office :- 9098464760, 6260755383
@k CMPUTERS NIHARIKA KORBA
IN FRONT OF DUSHARA MAIDAN NEAR GRILL IN SUBHASH CHOWK

## खबर संक्षेप

### पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज से



**कोरबा।** राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ कोरबा इकाई के द्वारा संभागीय आयुक्त और कलेक्टर को लिखित में आवेदन देकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी गई है। अनिश्चितकालीन हड़ताल का मुख्य कारण सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के पटवारी उमेश पटेल का निलंबन है। पटवारी संघ के पदाधिकारियों ने अपने आवेदन में लिखा है कि बिना सही कारण के पटवारी उमेश पटेल को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन में उल्लेखित कारण डिजिटल हस्ताक्षर को हटाया जाना साथ ही बिना सक्षम अधिकारी के अनुज्ञा के खसरा नंबर 975/1 को विलोपित किए जाने एवं 975/1 से संबंधित विलोपित किए जाने एवं 975/1 से संबंधित जानकारी में संशोधन किए जाने का प्रथम पक्ष दोषी पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

### अनहोनी से बचने, तीन मार्गों पर लगाए गए रिफ्लेक्टर



**कोरबा।** एनएच-130 पर लगातार हो रहे सड़क हादसों का अध्ययन करने के साथ प्रशासन यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने मिलकर कुछ महीने पहले ब्लैक स्पाट को चिन्हित किया गया। इससे सडक़ हादसों में कुछ सीमा तक कमी आई है। बारिश के मौसम में रात्रिकालीन आवाजाही के दौरान संभावित दुर्घटनाजन्य स्थानों पर अब ट्रैफिक पुलिस ने रेडियम पट्टी लगाने का काम शुरू किया है। कटघोरा, पाली और उरगा मार्ग पर ट्रैफिक प्रभारी गोवर्धन मांझी, एएसआई मनोज राठौर के नेतृत्व में टीम रेडियम पट्टी रिफलेक्टर लगाने का काम किया गया। बताया गया कि योजनाबद्ध तरीके से इस कार्य को किया जा रहा है। खासतौर पर रात्रि के दौरान ऐसे क्षेत्र जहां पर स्ट्रीट लाइट की सुविधा नहीं है और वहां से आवाजाही व्यस्त है, ऐसे में तेज वर्षा की स्थिति में दृश्यता पर असर पड़ता है। इस चक्कर में हादसे होने की आशंका ज्यादा बनी रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस अपनी ओर से काम कर रही है। श्री मांझी ने भी वाहन चालकों को गाडिय़ों में दोनों तरफ रिफ्लेक्टर लगाने को कहा गया है।

### शासकीय ग्राम्य भारतीय महाविद्यालय में वरीयता सूची जारी

**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्राओं को सूचित किया जाता है कि प्रवेश हेतु प्रथम प्रवीण सूची जारी कर दी गई है। प्रथम सूची के आधार पर प्रवेश की अंतिम तिथि 8 जुलाई तक है। सभी महाविद्यालय आकर वरीयता सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

### सीबीएसई सीटेट की परीक्षा 7 को, 2 पालियों में होगी परीक्षा

**कोरबा।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा सीबीएसई सीटेट 2024 का आयोजन कोरबा जिले के आठ विद्यालयों में पहली बार 7 जुलाई को किया जाएगा। इस परीक्षा का आयोजन दो पाली में किया जाएगा पहली पाली का समय सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे और दूसरी पाली का समय दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे होगा। इस परीक्षा में कोरबा अंचल एवं आसपास के क्षेत्र के पहली पाली में 3090 एवं दूसरी पाली में 1491 पात्र परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस परीक्षा के जिला कोऑर्डिनेटर कैलाश पंवार, प्राचार्य दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको ने बताया कि इस परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रथम पाली में पेपर-दो एवं द्वितीय पाली में पेपर-एक की परीक्षा होगी। श्री पंवार ने बताया कि जिले में यह परीक्षा सेंट जेवियर पब्लिक स्कूल, कोरबा, न्यू ईरा प्रोगोससिव स्कूल, कोरबा, डीएवी पब्लिक स्कूल, एसईसीएल, कोरबा, निर्मला सीबीएसई स्कूल, कैरियर पब्लिक स्कूल, कोरबा, सेंट प्रांसिस इंग्लिश मीडियम स्कूल, कोरबा, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, खरमोरा, कोरबा एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको सहित आठ विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### विश्व जनसंख्या दिवस 24 तक मनाया जाएगा

**कोरबा।** जिले में परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 27 जून से 24 जुलाई तक विश्व जनसंख्या दिवस एवं जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े के तीन भागों में बांटा गया है। प्रारंभिक चरण में पखवाड़ा के सुचारू रोल आउट सुनिश्चित करने की तैयारियों पर ध्यान केन्द्रीत किया जाना है। इस दौरान ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक विशेष अभियान चलाकर पुरूष एवं महिला नसबंदी के प्रति फैली अज्ञानता व भ्रांतियों को दूर किया जाएगा।

# 10 साल के इंतजार के बाद अमगांव के प्रभावितों को मिलेगी मुआवजे की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति द्वारा लंबे समय से जारी आंदोलन और प्रयासों के बाद अब आखिरकार ग्राम अमगांव, जोकाहीडबरी के मुआवजा के लिए अपात्र किये गए 91 परिवारों को प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन ने पात्र मानते हुए भुगतान की स्वीकृति दी है।

उल्लेखनीय है वर्ष 2010 में ग्राम अमगांव की जमीनों का अर्जन एसईसीएल गेवरा प्रबंधन द्वारा किया गया था। वर्ष 2015 में नापी सर्वे के बाद जोकाहीडबरी मोहल्ले के 91 परिवारों को उनके मकान व जमीन के बदले दी जाने वाली मुआवजा के लिए जिला प्रशासन और प्रबंधन द्वारा अपात्र घोषित कर दिए जाने के कारण विगत 10 सालों से भूविस्थापितों का मुआवजा लटका पड़ा था। जिसके लिए विगत जनवरी माह से ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति द्वारा आंदोलन चलाया जा रहा था। आखिरकार जिला प्रशासन ने अपात्र कर दिए गए लोंगों को पात्र मानते हुए मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने बताया है कि जोकाही डबरी स्थित 142 मकान और परिसम्पतियों का सर्वे के बाद 112 लोंगो को खुद की जमीन पर मकान नहीं होने के कारण अपात्र घोषित कर दिया गया था, उसके बाद 11 लोंगो को भी पात्र मानते हुए मुआवजा का भुगतान कर दिया गया था, बाकी 91 प्रभावित पिछले 10 सालों से मुआवजा पाने के लिए भटक रहे थे। जिसके लिए संगठन ने जनवरी माह से धरना प्रदर्शन के साथ कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल का सहयोग लेकर दबाव बनाया और उसके बाद अपात्र किए प्रभावित लोंगो को पात्र मानते हुए अनुविभागीय अधिकारी का आदेश जारी होने के बाद मुआवजा के लिए कार्यालय में आवेदन जमा लिए जा रहे हैं।

### उर्जाधानी संगठन के संघर्ष ने विस्थापित परिवारों को दिलाया अधिकार




#### मुआवजा राशि में कटौती का विरोध

10 सालों से मुआवजा के लिए इंतजार करने के बाद एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के भू-राजस्व कार्यालय द्वारा जारी आदेश और सूचना पत्र में निर्धारित राशि की जानकारी दी गयी है जिसमे पूर्व में स्वीकृत राशि मे 30 प्रतिशत की कटौती किया गया है, जिसका विरोध और आपत्ति करते हुऐ आवेदन जमा कराया जा रहा है।


## ट्रांसफार्मर फेल होने के बाद भी विभाग बदलने की नहीं कर रहा है पहल

# दमखाचा में चार दिनों से छाया है अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में पिछले 5 दिनों से लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। ऐसे में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आंखमिचोली भी बदस्तूर जारी है तो वहीं दूसरी ओर एक गांव में पिछले चार दिनों से अंधेरा छाया हुआ है ट्रांसफार्मर फेल हो जाने के बाद भी विभाग उसे बदलने की दिशा पर जहमत नहीं उठा रहा है जिससे ग्रामीणों की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है।

उल्लेखनीय है कि कोरबा ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मड़वारानी से लगभग 3 किलोमीटर दूर ग्राम दमखांचा में 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है पिछले 4 दिनों से ट्रांसफार्मर फेल हो गया है और गांव में अंधेरा छाया हुआ है जिसमें गांव की 2 हजार की आबादी अंधेरे में डूबी हुई है। ग्रामीणों द्वारा लगातार अधिकारियों से इसकी शिकायत की जा रही है लेकिन इसके बाद भी विद्युत वितरण विभाग के अधिकारी कर्मचारी सुध नहीं ले रहे हैं। बताया जाता है कि पिछले 4 दिनों से बिजली बंद होने की वजह से गांव में लोगों को ठीक से पानी नहीं मिल पा रहा है और ना ही अन्य सुविधाएं मिल पा रही है। यहां तक कि मोबाइल को चार्जिंग करने के लिए ग्रामीणों को दूसरे गांव की ओर रुख करना पड़ रहा है। साथ ही इस बारिश के सीजन में लगातार बारिश होने के चलते गांव में सांप, बिच्छू का खतरा भी मंडराने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही ट्रांसफार्मर को बदलने की दिशा पर पहल नहीं की गई तो आने वाले दिनों में उनके द्वारा आंदोलन किया जाएगा।



ग्राम दमखांचा स्थित ट्रांसफार्मर जो हो गया है फैल।

#### 5 दिनों में 10 से अधिक ट्रांसफार्मर हो गए हैं फेल

विद्युत वितरण विभाग के अधिकारियों की मानें तो जिले में लगातार हो रही बारिश व लाइटनिंग की वजह से इसका सीधा असर ट्रांसफार्मर पर पड़ रहा है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पिछले 5 दिनों से हो रही बारिश के चलते विभाग को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। कोरबा ग्रामीण के अंतर्गत आने वाले कई गांव में लगभग एक दर्जन से अधिक ट्रांसफार्मर फेल हो गए हैं। जिन्हें बदलने की कवायद विभाग ने शुरू कर दी है। कुछ गांव में ट्रांसफार्मर बदल दिया गया है तो कुछ स्थानों पर चेक कर उसे दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है और बारी-बारी से विद्युत वितरण विभाग के सेंट्रल स्टोर से ट्रांसफार्मर की डिमांड की गई है और डिमांड के अनुसार ट्रांसफार्मर मिलते जा रहा है और अलग-अलग गांव में फेल हुए ट्रांसफार्मर को बदलने की कवायद की जा रही है।

#### लगातार टीम कर रही है काम

बारिश व लाइटनिंग की वजह से 10 से अधिक ट्रांसफार्मर फेल हो गए हैं। जिसमें से कुछ ट्रांसफार्मर को बदल दिया गया है तो कुछ को बदलने की दिशा पर प्रयास किया जा रहा है। लाइटनिंग व बारिश की चलते विद्युत विभाग को मेंटेनेंस करने में भी परेशानी हो रही है। विभाग लगातार दिन-रात मेंटेनेंस कर व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगी हुई है।

**-बी बी नेताम**, डीई, ग्रामीण कोरबा

# बेलाकछार व संगमनगर के ग्रामीणों ने की वाणिज्य मंत्री से मुलाकात



ज्ञापन सौंपने जाते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पंचायत दोंदरो के ग्राम बेलाकछार व संगम नगर में विद्युतीकरण को लगभग 40 से 50 वर्ष हो चुके हैं जहां अभी भी पुराना टूटा-फूटा जर्जर विद्युत तार लगा हुआ है। जिसके कारण विद्युत तार आए दिन टूट कर गिरते रहते हैं और आए दिन बिजली गुल की समस्या बनी रहती है। विद्युत तार के आए दिन टूटकर गिरने से कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। लगभग 1 वर्ष पूर्व विद्युत तार टूटकर गिरने से गांव में एक महिला की भी मौत हो चुकी है। ग्राम बेला जो कि दरी जोन में शामिल है जिसमें लाइन खराब होने पर जल्द सुधार कार्य नहीं किया जाता है और दर्री जोन के अधिकारी व लाइनमेंन को फोन करने पर फोन नहीं उठाते हैं। लाइनमेंन के द्वारा कभी भी समय पर उपस्थित नहीं रहते हैं। इसके संबंध में दर्री जोन के अधिकारियों को ग्रामवासियों के द्वारा कई बार अवगत कराया जा चुका है लेकिन इसके बाद भी अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं। इसलिए दोनों पंचायत के ग्राम बेलाकछार और संगमनगर को दर्री जोन से हटाकर पाड़ीमार जोन में जोड़कर अलग फीडर लगाए जाने व सब स्टेशन निर्माण करने के लिए विद्युत विभाग को पत्र लिखा गया है। बेलाकछार स्कूल मोहल्ले में विद्युत विभाग से नया विद्युतीकारण ट्रांसफार्मर लगा जाने से स्वीकृति दी गई थी परंतु आज तक विद्युत ट्रांसफार्मर नहीं लगा है जिसके कारण ग्रामीणों को बिजली की अत्यंत गंभीर समस्या सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इसे लेकर प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग, श्रममंत्री लखनलाल से मिले।

# सेमरसोत में पुलिया से नीचे गिरा ट्रेलर केबिन के नीचे दबकर दो की मौत

**चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाले गए शव, बलौदाबाजार से बिहार जा रहा था ट्रेलर**

**बलरामपुर/राजपुर।** गुरुवार की दोपहर सेमरसोत के समीप पुलिया को तोड़ते हुए क्लिंकर लोड ट्रेलर नीचे पलट गया। दुर्घटना के बाद चालक व परिचालक केबिन में ही बुरी तरह से फंस गए और उनपर कई टन क्लिंकर गिर गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा चार घंटे की कड़ी मशकक के बाद क्लिंकर हटाकर केबिन से दोनों के शवों को बाहर निकाला गया। मामले में पुलिस द्वारा फिलहाल मर्ग कायम कर मृतकों की शिनाख्त कर ली गई और परिजन को घटना की जानकारी दी गई है। बताया जा रहा है कि ट्रेलर क्रमांकक सीजी 22 एक्स 8452 बलौदाबाजार से क्लिंकर लोड कर औरंगाबाद बिहार जा रहा था। इस दौरान दोपहर लगभग 2.30 बजे जैसे ही ट्रेलर एनएच 343 पर सेमरसोत रेस्ट हाउस के समीप खतरनाक मोड़ वाली पुलिया के समीप पहुंचा तो चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार ट्रेलर पुलिया की रेलिंग को तोड़ते हुए नीचे गिर गया। इस दुर्घटना में ट्रेलर का केबिन पूरी तरह से दब गया और उसके ऊपर ट्राला में मौजूद क्लिंकर गिर गया जिससे केबिन क्लिंकर के नीचे दब गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पस्ता थाना की पुलिस प्रभारी विमलेश सिंह के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंची। घटना के बाद चालकों के वाहन में ही बुरी तरह दबे होने की आशंका के आधार पर पुलिस द्वारा जेसीबी की मदद से पहले क्लिंकर को हटाया गया। क्लिंकर हटाने के बाद केबिन में फंसे चालक व परिचालक के शव बाहर निकाले गए। इस दौरान दोनों शवों को बाहर निकालने में 6.30 बज गया। चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकालकर फिलहाल मर्च्युरी में रखवाया गया है। पुलिस द्वारा ट्रेलर के मालिक से सम्पर्क कर चालकों की पहचान की गई। मृतकों की पहचान औरंगाबाद बिहार निवासी चालक 40 वर्षीय नरेंद्र कुमार व परिचालक 34 वर्षीय अजित कुमार के रूप में की गई है। दुर्घटना में ट्रेलर के केबिन में दबने और क्लिंकर के भार से दोनों का शव क्षत विक्षत हो गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।



### डोरी बिनने निकला ग्रामीण तीन दिनों तक भटकता रहा जंगल में

**अम्बिकापुर।** सोमवार को डोरी बिनने निकला ग्रामीण तमोर पिंगला अभ्यारण्य अंतर्गत पिंगला जंगल में भटक गया। वह तीन दिनों तक घने जंगल में भटकता रहा। पिछले दो दिनों से ग्रामीण की तलाश में जुटे वनकर्मियों ने गुरूवार को उसे बकराअण्डा धाम के निकट सकुशल बरामद किया। रमकोलो निवासी मो.नासिर आ.हुसैनी (70वर्ष) 1 जून को सुबह 8 बजे तमोर पिंगला अभ्यारण्य में महुआ बीज संग्रहण करने निकला था। इस दौरान वह घने जंगल में भटक गया। देर शाम तक वह घर नहीं लौटा तो परिजन ने वन अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर वन अधिकारियों ने वनपाल, हाथी मित्रमंडल एवं सुरक्षा श्रमिकों की टीम बनाकर भटके ग्रामीण को तलाशने के लिए निर्देशित किया तथा आसपास के गांवों में मुनादी कराई। वनकर्मी दो दिनों तक आसपास के जंगल में ग्रामीण को तलाशते रहे लेकिन उसका पता नहीं चला। गुरूवार को वनकर्मी पिंगला जंगल स्थित बकराअण्डा मार्ग के आसपास के ग्रामीण को तलाश रहे थे। बकराअण्डा धाम के निकट एक ग्रामीण को पेड़ के नीचे बैठे देख वनकर्मियों से पूछताछ की तो वह लापता ग्रामीण निकला।

# शराब दुकान में सेंध, नहीं मिला नकद तो ले भागे 4 पेटी शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला चौकी क्षेत्र अंतर्गत बरमपुर स्थित देशी शराब दुकान में सेंधमारी कर अज्ञात चोरों ने चार पेटी शराब और नकदी रकम की चोरी कर ली। गुरुवार की सुबह सेल्समैन जब दुकान पहुंचे तब उन्हें चोरी की जानकारी मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

**खास बात**

- सर्वमंगला चौकी क्षेत्र के बरमपुर शराब दुकान का मामला

जिले में चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि मकान, दुकान के बाद अब वे शराब दुकानों को भी शिकार बनाने से नहीं चूक रहे हैं। सर्वमंगला चौकी अंतर्गत बरमपुर में संचालित देसी शराब दुकान में सेंध मारकर अज्ञात चोरों ने 4 पेटी देसी शराब की चोरी कर ली, इतना ही नहीं उन्होंने गल्ले में रखा 6 हजार रुपए भी पार कर दिया। मामले का खुलासा उस वक्त हुआ जब दुकान के कर्मचारी दूसरे दिन दुकान खोलने पहुंचे तो पाया कि दुकान की पिछली दीवार पर सेंध लगी हुई थी। तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों की करतूत कैद हुई है, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरु कर दी है।



देशी शराब दुकान जहां सेंधकर लगाकर हुई है चोरी।

#### आराम फरमा रहे थे दोनों गार्ड

आबकारी विभाग द्वारा सर्वमंगला चौकी क्षेत्र अंतर्गत बरमपुर स्थित देसी शराब दुकानों में सुरक्षा के लिए गाड्र्स की तैनाती की गई है। बताया जाता है कि बीती रात को बरमपुर स्थित शराब दुकान में कृष्णभान व गंगा प्रसाद नामक सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी लगी थी लेकिन दोनों सुरक्षा करने की वजह दुकान में आराम फरमा रहे थे और गहरी नींद में सो गए थे उन्हें यह भी नहीं पता चला कि चोरों ने सेंध लगाकर दुकान में प्रवेश किया और वहां रखा नगदी रकम व चार पेटी शराब ले भागे। आबकारी विभाग द्वारा इस मामले में छानबीन की जा रही है। गार्डों की गलती के चलते ही यह चोरी की घटना सामने आई है। आबकारी विभाग सुरक्षा में तैनात आराम करने वाले गाड्र्स के खिलाफ क्या कार्रवाई करती है।

#### शराब दुकान चोरों के निशाने पर

जिले में बदमाश इतने शातिर हो गए हैं कि मकान और घरों में चोरी करने के बाद अब देसी विदेशी शराब दुकानों को निशाना बना रहे हैं। जिले के अलग-अलग क्षेत्र में शराब दुकानों में लूटपाट की घटना भी सामने आ चुकी है तो अब शराब दुकानों में सेंधमारी कर शराब चोरी करने लगे हैं। इससे यह साफ है कि चोर चोरी करने पहुंचे थे लेकिन मंशूबों पर कामयाब नहीं होने पर चोरों ने शराब की बोतल ही गायब कर दी है। फिलहाल सर्वमंगला चौकी पुलिस की टीम चोरों के गिरेबान तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी फुटेज का सहारा ले रही है देखना है कि पुलिस इस मामले को कब तक सुलझा पाती है।

## यात्री बसें निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही गंतव्य तक

# हरदीबाजार-बलौदा मार्ग गड्ढों में तब्दील, रोजाना लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

गड्ढों में तब्दील जर्जर सड़क की वजह से हरदीबाजार-बलौदा मुख्य मार्ग पर रोज जाम लगने की स्थिति निर्मित हो रही है। इस मार्ग पर दोनों ओर भारी वाहनों की लंबी कतार लग गई। गुरूवार को भी लगभग 4 घंटे तक मार्ग में आवागमन बाधित रहा, जिसकी वजह से इस मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यात्री गाड़ी भी निर्धारित समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सकी।

उल्लेखनीय है कि हरदीबाजार-बलौदा मुख्य मार्ग पर रोजाना बड़ी संख्या में भारी वाहनों का आवागमन होता है। इस मार्ग पर गेवरा-दीपका से कोयला लोड़ भारी वाहन व विपरीत दिशा से आती खाली वाहनों का दबाव 24 घंटे बना रहता है। दीपका-हरदीबाजार से रोजाना हर दो घंटे के अंतराल में यात्रियों को लेकर यात्री बसें मुड़ापार, जोरहाडबरी, बुडगहन, सराईताल, होकर बलौदा, अकलतरा, शिवरीनारायण, बिलासपुर को जाती है। लेकिन विगत कुछ माह से जोरहाडबरी के पास सड़क पूरी तरह ख़राब होकर बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिसके कारण भारी वाहनों के फंसने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। सबसे बड़ी विडंबना यात्रियों को लेकर अपने निर्धारित समय में निकली बसें रोजाना घंटों लेट हो रही है सबसे ज्यादा परेशानी इन बसों में बैठे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को हो रही है। इस दिशा में सड़क परिवहन विभाग व जिला प्रशासन को संज्ञान लेकर व्यवस्था को सुधारने की जरुरत है। जनवरी-फरवरी माह में सड़क का पुनं नवनिर्माण का कार्य आरंभ हुआ था, जिसे संबंधित सड़क निर्माण ठेकेदार के द्वारा सड़क निर्माण बीच बीच-बीच में छोड़कर किया गया है।



लगा वाहनों का जाम।

### युवक हुआ लापता, शिकायत दर्ज

**कोरबा।** पाली थाना के ग्राम बुड़बुड़ निवासी स्नेहा नायक उम्र 23 वर्ष पति लालू राम नायक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि लालू राम नायक उम्र लगभग 30 वर्ष पिता स्व. गोवर्धन नायक 3 जुलाई की देर रात लगभग 2 बजे बिना बताए घर से कहीं चला गया है।

हरिभूमि आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780